नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – **30**

No. of Printed Pages – **16**

# SS-30-Accountancy

## लेखाशास्त्र (ACCOUNTANCY)

## उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2020

**समय : 3¼ घण्टे**

**पूर्णांक : 80**

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

**GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :**

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

Candidate must write first his / her Roll No. on the question paper compulsorily.

(2) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**All** the questions are compulsory.

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें ।

Write the answer to each question in the given answer-book only.



Downloaded from www.cclchapter.com

(4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।

For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

(5) प्रश्न–पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपांतर में किसी प्रकार की त्रुटि/अंतर/विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही मानें ।

If there is any error / difference / contradiction in Hindi & English versions of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.

(6) (i) यह प्रश्न–पत्र दो खण्डों में विभक्त है – अ और ब ।

(ii) खण्ड 'अ' सभी छात्रों के लिए अनिवार्य है ।

(iii) खण्ड 'ब' के दो भाग हैं, प्रत्येक भाग में सात प्रश्न हैं । परीक्षार्थी को किसी एक भाग के सभी सातों प्रश्नों को हल करना है ।

(i) This question paper contains two Sections – A and B.

(ii) Section 'A' is compulsory for all candidates.

(iii) Section 'B' has two portions. Every portion has a set of seven questions. Candidate can attempt only a set of seven questions of any one portion.



Downloaded from www.cclchapter.com

(7)

| खण्ड | प्रश्न संख्या | अंक प्रत्येक प्रश्न |
|---|---|---|
| अ | 1-8 | 1 |
| | 9-14 | 2 |
| | 15-21 | 4 |
| | 22-23 | 6 |
| ब | 24-25 | 1 |
| | 26-27 | 2 |
| | 28-29 | 4 |
| | 30 | 6 |
| | अथवा | |
| | 24-25 | 1 |
| | 26-27 | 2 |
| | 28-29 | 4 |
| | 30 | 6 |

| Section | Q. Nos. | Marks per question |
|---|---|---|
| A | 1-8 | 1 |
| | 9-14 | 2 |
| | 15-21 | 4 |
| | 22-23 | 6 |
| B | 24-25 | 1 |
| | 26-27 | 2 |
| | 28-29 | 4 |
| | 30 | 6 |
| | OR | |
| | 24-25 | 1 |
| | 26-27 | 2 |
| | 28-29 | 4 |
| | 30 | 6 |

(8) प्रश्न संख्या **22** (खण्ड–अ) तथा **30** (खण्ड–ब) में आन्तरिक विकल्प हैं ।

There are internal choices in Q. No. **22** (Section-A) and Q. No. **30** (Section-B).



Downloaded from www.cclchapter.com

## खण्ड – अ
## SECTION – A

1. साझेदारों के ऋणों पर ब्याज को लाभ–हानि विनियोजन खाते में क्यों नहीं दिखाया जाता है ?

   Why does interest on partners loan is not shown in profit and loss appropriation account ? **1**

2. साझेदार के प्रवेश करते समय डूबत ऋण के लिए आयोजन में कमी के लिए क्या प्रविष्टि होगी ?

   What will be the entry for reducing the provision for bad-debts at the time of admission of a partner ? **1**

3. उन खातों के नाम लिखिए, जिसके अंतर्गत साझेदार के प्रवेश करते समय सामान्य संचय की राशि हस्तांतरित की जाती है ।

   Write down the name of accounts in which general-reserve transfer at the time of admission of a partner. **1**

4. सोम, मंगल और युवराज 1/2, 3/10 और 1/5 के अनुपात में लाभ बाँटते हुए साझेदार हैं, सोम फर्म से अवकाश ग्रहण करता है । फायदे का अनुपात ज्ञात कीजिए ।

   Som, Mangal and Yuvraj were partners sharing profit in the ratio of 1/2, 3/10 and 1/5. Som retires from the firm. Calculate the gain ratio. **1**

5. फर्म के समापन पर पुस्तकों में दिखाए गए ₹ 50,000 के लेनदार का भुगतान पुस्तकों में न दिखाए गए टाइपराइटर ₹ 40,000 से करने पर बनाई जाने वाली प्रविष्टि लिखिए ।

   At the time of dissolution of a firm a creditor ₹ 50,000 is shown in the books is settled by typewriter ₹ 40,000 is not shown in the books, write entry which is made it ? **1**

6. लाभ–हानि विवरण पत्र के द्वारा ऋणपत्रों के निर्गमन पर बट्टा/हानि को अपलिखित करने की रीतियों के नाम लिखिए ।

   Write down the name of methods write-off discount/loss on issue of debentures by statement of profit and loss ? **1**



Downloaded from www.cclchapter.com

7. शून्य ब्याज दर वाले ऋणपत्र किस दर पर जारी किए जाते हैं ?

In which rate, zero coupon rate debentures are issued ? **1**

8. संयुक्त साहस में साहसियों की अधिकतम संख्या बताइए।

State the maximum number of ventures in joint venture. **1**

9. पुष्पक, पंकज और रवि 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटते हुए साझेदार हैं। रवि फर्म से अवकाश ग्रहण करता है। पुनर्मूल्यांकन पर लाभ ₹ 40,000 है। सम्पत्ति एवं दायित्व के मूल्य में परिवर्तन नहीं करना है। पुनर्मूल्यांकन पर लाभ की जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए।

Pushpak, Pankaj and Ravi are partners in sharing profit in the ratio of 2 : 2 : 1. Ravi retires from the firm. The profit on revaluation is ₹ 40,000. Amount of asset and liabilities are not to be changed. Pass journal entries of profit on revaluation. **2**

10. कमलेश और किशन अभिगोपन व्यवसाय में संयुक्त उद्यमी हैं। प्रत्येक अपनी पुस्तकों में सभी लेनदेनों का लेखे रखते हैं। किशन ने कम्पनी से प्राप्त ₹ 1,50,000 के अंशों को ₹ 1,80,000 में बेचा। दोनों पक्षों की पुस्तकों में अंशों को बेचने की जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए।

Kamlesh and Kishan are co-ventures in an underwriting business. Each one keep record of all the transactions in their books. Kishan sold the shares received from a company of ₹ 1,50,000 at ₹ 1,80,000. Give journal entries in the books of both the parties for sold shares. **2**

11. प्रेषण एवं विक्रय में निम्न बिन्दुओं के आधार पर अंतर कीजिए :

(i) संबंध

(ii) पारिश्रमिक

Distinguish between consignment and sale on the basis of following points :

(i) Relation

(ii) Remuneration **2**



Downloaded from www.cclchapter.com

12. एक प्रेषणी ने ₹ 40,000 बीजक मूल्य का माल ₹ 60,000 में बेचा । जिसमें ₹ 18,000 का उधार माल का विक्रय शामिल है । प्रेषणी बीजक मूल्य पर 10 प्रतिशत तथा उससे अधिक मूल्य पर विक्रय होने पर 25 प्रतिशत कमीशन का अधिकारी है । उसे उधार विक्रय पर 5 प्रतिशत परिशोधन कमीशन भी मिलता है । देनदारों से केवल ₹ 15,000 वसूल हुए । प्रेषणी की पुस्तकों में कमीशन खाता बनाइए ।

A consignee sold goods of invoice price of ₹ 40,000 at ₹ 60,000. Which includes credit sales ₹ 18,000. The consignee is entitled to a commission of 10% on invoice price and 25% of the excess sale value over that. He also receives 5% del credere commission on credit value sale. Only ₹ 15,000 were received from debtors. Prepare commission a/c in the book of consignee ? **2**

13. गैर-व्यापारिक संस्थाओं द्वारा मूलभूत सूचनाओं के लिए रखी जाने वाली पुस्तकों के नाम लिखिए ।

Write the name of the books kept for the purpose of finding basic information in non-trading concern. **2**

14. निम्नलिखित मदों को आय-व्यय खाते एवं चिट्ठे में लिखिए :

भवन कोष ₹ 8,00,000; भवन व्यय ₹ 6,50,000; पर्यावरण कोष ₹ 1,00,000; पर्यावरण पर व्यय ₹ 1,20,000

Write the following items in income and expenditure account and in balance-sheet : **2**

Building fund ₹ 8,00,000; Expenses on building ₹ 6,50,000; Environment fund ₹ 1,00,000; Expenses on environment ₹ 1,20,000.

15. अर्पिता, अर्चिता और सुनीता 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटती हुई साझीदार हैं । इनकी स्थिर पूँजी क्रमशः ₹ 3,00,000; ₹ 2,00,000 और ₹ 1,00,000 थी । 31 मार्च, 2019 को समाप्त होने वाले वर्ष में पूँजी पर ब्याज 8 प्रतिशत वार्षिक के स्थान पर 10 प्रतिशत वार्षिक दर से क्रेडिट (जमा) कर दिया । स्पष्ट कार्यशील टिप्पणी दर्शाते हुए, आवश्यक समायोजन जर्नल प्रविष्टि दीजिए ।

Arpita, Archita and Sunita are partners in a firm sharing profit and losses in the ratio of 2 : 2 : 1. Their fixed capital were ₹ 3,00,000; ₹ 2,00,000 and ₹ 1,00,000 respectively. For the year ended 31$^{st}$ March, 2019, interest on capital was credited to them @ 10% per annum instead of 8% per annum. Showing your working note clearly, pass necessary adjustment journal entry. **4**

16. नेहा, नीरु और श्यामू 4 : 3 : 2 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटती हुई साझीदार हैं । नीरु 1 अप्रैल, 2019 को अवकाश ग्रहण करती है । इसी तिथि को सभी समायोजनों के पश्चात् इनके पूँजी खातों का शेष क्रमशः ₹ 3,93,000; ₹ 3,96,000 और ₹ 1,83,000 हैं । नई फर्म की पूँजी ₹ 5,60,000 पर स्थिर की जानी है । इनका नया लाभ-हानि अनुपात 5 : 3 हो, तो शेष साझेदारों द्वारा रोकड़ लाई तथा ले जाई जाने वाली राशि ज्ञात कीजिए ।

Neha, Neeru and Shyamu were partners sharing profit and losses in the ratio of 4 : 3 : 2. Neeru retired on 1$^{st}$ April, 2019. On the date their capitals after all such adjustments stood at ₹ 3,93,000; ₹ 3,96,000; and ₹ 1,83,000. The entire capital of the firm as newly constituted is fixed at ₹ 5,60,000. Their new profit sharing ratio of 5 : 3. Calculate actual cash to be paid off and to be brought in by the remaining partners. **4**



Downloaded from www.cclchapter.com

17. रोहित, सिद्धार्थ, यश और यशराज 4 : 3 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ बाँटते हुए साझेदार हैं । इनके स्थिर पूँजी खातों का शेष क्रमशः ₹ 50,000 (क्रेडिट); ₹ 40,000 (क्रेडिट); ₹ 30,000 (डेबिट) और ₹ 20,000 (डेबिट) है । 31 मार्च, 2019 को यशराज दिवालिया होने से फर्म का समापन हो गया । यशराज से केवल ₹ 2,000 वसूल हो सके । साझेदारों के पूँजी खाते बनाइए, यदि गार्नर बनाम मर्रे नियम लागू होता है ।

Rohit, Siddharth, Yash and Yashraj are partners in a firm sharing profit in the ratio of 4 : 3 : 2 : 1. Their fixed capital balances were ₹ 50,000 (Cr.); ₹ 40,000 (Cr.); ₹ 30,000 (Dr.) and ₹ 20,000 (Dr.) respectively The firm dissolved on 31$^{st}$ March, 2019 due to Yashraj become insolvent. Only ₹ 2,000 realised from Yashraj. Prepare partners' capital a/c, if Garner V/s. Murrey rules applies. **4**

18. भारतीय कम्पनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची–III भाग-II के अनुसार केवल मुख्य शीर्षकों को दिखाते हुए, लाभ–हानि विवरण पत्र बनाइए ।

Prepare a format of company's statement of profit and loss with only main heading as per the Indian Company Act, 2013 under Schedule III Part II. **4**

19. महादेव ने सत्यम को 100 रुई की गांठें ₹ 1,000 प्रति गांठ बीजक मूल्य पर प्रेषण पर भेजी । प्रेषण व्यय ₹ 10,000 थे । 10 गांठें रास्ते में चुरा ली गई और बीमा कम्पनी ने ₹ 8,000 का दावा स्वीकार किया । शेष गांठें सत्यम ने प्राप्त की और ठेला भाड़ा ₹ 2,000 चुकाया । 90 गांठें सत्यम ने ₹ 1,500 प्रति गांठ की दर से बेची । लागत मूल्य पर प्रेषण खाता बनाइये, यदि माल लागत में 25 प्रतिशत लाभ जोड़कर भेजा जाता हो ।

Mahadev consigned 100 bales of cotton to Satyam at invoice price of ₹ 1,000 per bale. Consignment expenses were ₹ 10,000. 10 bales stolen in transit and the insurance company accepted the claim amount of ₹ 8,000. Satyam received the remaining bales and paid cart hire ₹ 2,000. 90 bales were sold by Satyam @ 1,500 per bale. Prepare consignment account at cost price, if goods consigned with cost plus 25% on profit. **4**

20. निम्नांकित बिन्दुओं के आधार पर संयुक्त साहस और साझेदारी में अंतर कीजिए :

(i) उद्देश्य (ii) पंजीयन

(iii) सदस्य (iv) अधिनियम

Write down the difference between joint venture and partnership on the basis of following points : **4**

(i) Objects (ii) Registration

(iii) Member (iv) Act



Downloaded from www.cclchapter.com

21. निम्नांकित सूचनाओं से "किरण कल्याण केन्द्र" के लिए प्रारंभिक पूँजी कोष की राशि ज्ञात कीजिए :

**आय–व्यय खाता**

| | | ₹ | | ₹ |
|---|---|---|---|---|
| वेतन | 28,000 | | किराया (एक माह का पिछले | |
| (+) बकाया | 2,000 | 30,000 | वर्ष में अग्रिम प्राप्त) | 24,000 |
| मूल्यह्रास (10% की दर फर्नीचर पर) | | 4,000 | चंदा | 36,000 |
| विज्ञापन–व्यय | | 12,000 | ब्याज (10% दर से स्थायी जमा) | 8,000 |
| आधिक्य | | 22,000 | | |
| | | **68,000** | | **68,000** |

प्रारंभिक शेष निम्न हैं :

प्रारंभिक रोकड़ शेष ₹ 22,000; बकाया वेतन ₹ 8,000; अग्रिम चंदा ₹ 2,000.

From the following information, calculate the opening capital fund of "Kiran Welfare Club". **4**

**Income and Expenditure Account**

| | | ₹ | | ₹ |
|---|---|---|---|---|
| To Salary | 28,000 | | By Rent | |
| (+) Outstanding | 2,000 | 30,000 | (including one month advance of last year) | 24,000 |
| To Depreciation (@ 10% on Furniture) | | 4,000 | By Subscription | 36,000 |
| To Advertisement Exp. | | 12,000 | By Interest | 8,000 |
| To Surplus | | 22,000 | (@ 10% on F.D.) | |
| | | **68,000** | | **68,000** |

Opening balances were :

Opening Cash Balance ₹ 22,000; Outstanding Salary ₹ 8,000; Advance subscription ₹ 2,000.



Downloaded from www.cclchapter.com

22. रोहित और राहुल एक फर्म में 7 : 3 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते हुए साझेदार हैं । 31 मार्च, 2019 को इनका आर्थिक चिट्ठा निम्न है :

**आर्थिक चिट्ठा**

| दायित्व | | ₹ | सम्पत्तियाँ | | ₹ |
|---|---|---|---|---|---|
| लेनदार | | 60,000 | रोकड़ | | 36,000 |
| सामान्य-संचय | | 10,000 | देनदार | 46,000 | |
| पूँजी खाते : | | | (–) डूबत ऋण आयोजन | 2,000 | 44,000 |
| रोहित | 50,000 | | स्कंध | | 50,000 |
| राहुल | 40,000 | 90,000 | प्लांट | | 30,000 |
| | | **1,60,000** | | | **1,60,000** |

1 अप्रैल, 2019 को भावेश को नए साझेदार के रूप में निम्न शर्तों के साथ प्रवेश दिया :

(i) भावेश पूँजी के लिए ₹ 30,000 और ₹ 10,000 प्रीमियम लायेगा ।

(ii) सामान्य संचय की 20 प्रतिशत राशि डूबत ऋण आयोजन में हस्तांतरित की जानी है ।

(iii) स्टॉक और प्लांट का मूल्य 60 प्रतिशत तक घटाया जाना है ।

(iv) नया लाभ-हानि अनुपात 21 : 9 : 10 होगा ।

(v) पुराने साझेदारों की पूँजी नए साझेदार की पूँजी के आधार पर समायोजित की जाए ।

पूनर्मूल्यांकन खाता एवं साझेदारों के पूँजी खाते बनाइए ।

**अथवा**

1-4-2019 को एक्स, वाई और जेड साझेदार हैं, जो 2 : 2 : 1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते हैं । उन्होंने ₹ 2,40,000 की एक संयुक्त जीवन बीमा पॉलिसी ले रखी है, जिसका वार्षिक प्रीमियम ₹ 8,000 लाभ-हानि खाते में लिखा जाता है । फर्म के खाते प्रतिवर्ष 31 मार्च को बंद किए जाते हैं । 1 अगस्त, 2019 को जेड की मृत्यु हो जाती है । अपने पूँजी तथा बीमा राशि के साथ-साथ जेड के वैधानिक प्रतिनिधि को निम्न भुगतान प्राप्त करने का अधिकार होगा :

(i) मृत्यु की तिथि तक 10 प्रतिशत वार्षिक दर से पूँजी पर ब्याज ।

(ii) साझेदार का लाभ में हिस्सा जो कि गत चार वर्षों के औसत लाभ पर आधारित होगा ।

(iii) साझेदार की ख्याति में हिस्सा जो कि फर्म की ख्याति चार वर्षों के औसत लाभ के तीन वर्ष के क्रय के आधार पर गणना की जाएगी ।

(iv) 1 अप्रैल, 2019 को जेड की पूँजी ₹ 3,60,000 थी, तथा इस तिथि से मृत्यु की तिथि तक आहरण ₹ 22,000 थे ।

(v) गत चार वर्षों के लाभ-हानि क्रमशः ₹ 60,000; ₹ 1,12,000; ₹ 20,000 (हानि) तथा ₹ 1,36,000 थे ।

जेड का वैधानिक प्रतिनिधि खाता बनाइए ।



Downloaded from www.cclchapter.com

Rohit and Rahul are partners in a firm sharing profits in the ratio of 7 : 3. Their balance sheet as on 31st March, 2019 was as follow : **6**

**BALANCE SHEET**

| Liabilities | ₹ | Assets | | ₹ |
|---|---|---|---|---|
| Creditor | 60,000 | Cash | | 36,000 |
| General Reserve | 10,000 | Debtors | 46,000 | |
| Capital Accounts : | | (–) PBD | 2,000 | 44,000 |
| Rohit – 50,000 | | Stock | | 50,000 |
| Rahul – 40,000 | 90,000 | Plant | | 30,000 |
| | **1,60,000** | | | **1,60,000** |

On 1st April, 2019 they admitted Bhavesh as a new partner on the following terms :

(i) Bhavesh will bring ₹ 30,000 for his Capital and ₹ 10,000 for premium.

(ii) 20% General Reserve will be transferred to provision for bad-debt account.

(iii) Stock and Plant value reduced upto 60%.

(iv) New profit and losses ratio will be 21 : 9 : 10.

(v) The capital of old-partner are also to be adjusted according to new partner capital.

Prepare Revaluation account and partner's capital accounts.

**OR**

On 1-4-2019 *x*, y and z are partners sharing profit and losses in the ratio of 2 : 2 : 1. They had a joint life insurance policy of ₹ 2,40,000 and the annual premium of ₹ 8,000 has been charged to Profit and Loss account every year. Account were closed on 31st March annually. z died on 1st August, 2019. Besides his capital and insurance money z's Legal representatives are entitled to : **6**

(i) Interest on Capital at 10% per annum upto the date of death.

(ii) Partner's share in profit based on average profit of last four completed year.

(iii) Partner share in goodwill (premium), which is to be calculated at three years of purchase of average profit of the last four years.

(iv) z's Capital on 1st April, 2019 at ₹ 3,60,000 and his drawings from the date to the death amounted to ₹ 22,000.

(v) Profit and Loss for last four years were ₹ 60,000; ₹ 1,12,000; ₹ 20,000 (loss) and ₹ 1,36,000 respectively.

Prepare Legal representative's account of z.



Downloaded from www.cclchapter.com

23\. आशा लिमिटेड ने ₹ 100 प्रत्येक वाले 10,000 समता अंश 10 प्रतिशत प्रीमियम पर जारी किए । भुगतान इस प्रकार होना था – ₹ 40 आवेदन पर (प्रीमियम सहित), आबंटन पर ₹ 40 और याचना पर ₹ 30 । 9,500 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए । सभी आवेदकों को बंटन कर दिया गया । कोमल 300 अंशों की धारक है, बंटन एवं माँग राशि चुकाने में असमर्थ रही । एक अन्य धारक राज, जो कि 200 अंशों का धारक है, उसने माँग राशि का भुगतान आबंटन के साथ कर दिया । आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए ।

Asha Ltd. issued 10,000 equity shares of ₹ 100 each at 10% premium, payable as follow : **6**

₹ 40 on application (including premium), ₹ 40 on allotment and ₹ 30 on call. Application were received for 9,500 shares and full allotment was made. Komal holding 300 shares failed to paid allotment and call money. Another shareholder Raj holding 200 shares paid call money with allotment in advance. Pass necessary journal entries.

## खण्ड – ब

## SECTION – B

24\. उस मद का नाम लिखिए, जिसे समानाकार आय (लाभ-हानि) विवरण पत्र में 100 के रूप में लिया जाता है ?

Write down the name of item which is taken as 100 in common size statement of profit and loss (income). **1**

25\. परिचालन लाभ अनुपात क्या होगा, यदि परिचालन अनुपात 87.5 प्रतिशत हो ?

What will be the operating profit ratio, if operating ratio is 87.5% ? **1**

26\. प्रवृत्ति-विश्लेषण क्या है और इसकी तकनीकों के नाम लिखिए ।

What is trend-analysis and write down the name of its methods. **2**

27\. एक कम्पनी का चालू अनुपात 4 : 1 है तथा कार्यशील पूँजी ₹ 75,000 है । चालू सम्पत्तियाँ एवं चालू दायित्व की राशि ज्ञात कीजिए ।

Current ratio of a company is 4 : 1 and working capital is ₹ 75,000. Calculate the amount of Current Assets and Current Liabilities. **2**

28\. नैतिकता में दिखावटी-लेनदेन क्या है ? इसके कोई तीन उदाहरण लिखिए ।

What is window-dressing in ethics ? Write down any three examples of it. **4**



Downloaded from www.cclchapter.com

29. निम्नलिखित सूचनाओं से समानाकार आर्थिक चिट्ठे के रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

| विवरण | नोट संख्या | वास्तविक राशियाँ | | चिट्ठे के कुल का % | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 2018 (₹) | 2019 (₹) | % 2018 | % 2019 |
| (A) समता एवं दायित्व : | | | | | |
| समता अंश पूँजी | | 3,00,000 | ………. | 60.00 | 40.00 |
| संचय एवं आधिक्य | | ………. | 1,95,000 | ………. | ………. |
| चालू दायित्व | | ………. | ………. | 20.00 | ………. |
| **योग :** | | **5,00,000** | **6,50,000** | **100.00** | **100.00** |
| (B) सम्पत्तियाँ : | | | | | |
| स्थिर सम्पत्ति | | 2,00,000 | ………. | ………. | 50.00 |
| निवेश | | ………. | 2,60,000 | 30.00 | ………. |
| चालू सम्पत्तियाँ | | 1,50,000 | ………. | ………. | ………. |
| **योग :** | | **……….** | **6,50,000** | **……….** | **100.00** |

Fill the blanks from the following information for common-size Balance Sheet : **4**

| **Particulars** | **Note No.** | **Absolute Amounts** | | **% of Balance Sheet Total** | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | **2018 (₹)** | **2019 (₹)** | **% for 2018** | **% for 2019** |
| **(A) Equities & Liabilities :** | | | | | |
| Equity Share Capital | | 3,00,000 | ………. | 60.00 | 40.00 |
| Res. & Surplus | | ………. | 1,95,000 | ………. | ………. |
| Current Liabilities | | ………. | ………. | 20.00 | ………. |
| **Total :** | | **5,00,000** | **6,50,000** | **100.00** | **100.00** |
| **(B) Assets :** | | | | | |
| Fixed Assets | | 2,00,000 | ………. | ………. | 50.00 |
| Investment | | ………. | 2,60,000 | 30.00 | ………. |
| Current Assets | | 1,50,000 | ………. | ………. | ………. |
| **Total :** | | **……….** | **6,50,000** | **……….** | **100.00** |



Downloaded from www.cclchapter.com

30. श्री साँवलियाँ लिमिटेड की निम्न सूचनाएँ दी गई हैं :

| | ₹ |
|---|---|
| समता अंश पूँजी | 40,00,000 |
| पूँजी संचय | 4,00,000 |
| 10% ऋणपत्र | 16,00,000 |
| शुद्ध बिक्री | 28,00,000 |
| सकल लाभ | 16,00,000 |
| बिक्री व्यय | 2,00,000 |
| चालू सम्पत्तियाँ | 4,00,000 |
| चालू दायित्व | 3,00,000 |

प्रारंभिक स्कंध पर अंतिम स्कंध का आधिक्य 20 प्रतिशत है ।

प्रारंभिक स्कंध ₹ 50,000

निम्न अनुपातों की गणना कीजिए :

(i) तरलता अनुपात

(ii) स्वामित्व अनुपात

(iii) परिचालन अनुपात

(iv) स्कंध आवर्त अनुपात

**अथवा**

(i) निम्न सूचनाओं से "विनियोगों पर प्रत्याय दर" तथा "ऋण-समता अनुपात" की गणना कीजिए :

| | |
|---|---|
| शुद्ध लाभ (ब्याज एवं कर के पश्चात्) | ₹ 3,50,000 |
| 10 प्रतिशत ऋणपत्र | ₹ 5,00,000 |
| कर दर | 50% |
| विनियोजित पूँजी | ₹ 40,00,000 |

(ii) निम्न सूचनाओं से प्रारंभिक एवं अंतिम स्कंध की राशि ज्ञात कीजिए :

कुल बिक्री ₹ 12,00,000; सकल लाभ लागत का 1/3; स्कंध आवर्त अनुपात 5 गुना; अंतिम स्कंध प्रारंभिक स्कंध से ₹ 24,000 अधिक है ।



Downloaded from www.cclchapter.com

Following are the information of Shree Sanwaliya Ltd : **6**

| | ₹ |
|---|---|
| Equity Share Capital | 40,00,000 |
| Capital Reserve | 4,00,000 |
| 10% Debenture | 16,00,000 |
| Net Sales | 28,00,000 |
| Gross Profit | 16,00,000 |
| Selling Expenses | 2,00,000 |
| Current Assets | 4,00,000 |
| Current Liabilities | 3,00,000 |
| Closing Stock is 20% excess on Opening Stock | |
| Opening Stock | 50,000 |

Calculate the following ratios :

(i) Liquidity ratio (ii) Proprietary ratio

(iii) Operating ratio (iv) Stock Turnover ratio

**OR**

(i) Calculate the Rate of Return on investments and "Debt-Equity ratio" from the following information :

| | |
|---|---|
| Net Profit (after interest and tax) | ₹ 3,50,000 |
| 10% Debentures | ₹ 5,00,000 |
| Tax Rate | 50% |
| Capital employed | ₹ 40,00,000 |

(ii) Calculate the amount of opening and closing inventory (stock) from the following information :

Total Sales ₹ 12,00,000; Gross Profit 1/3 of cost; Stock turnover ratio = 5 times; Closing Stock is ₹ 24,000 excess over the Opening Stock.



Downloaded from www.cclchapter.com

## खण्ड – ब

## SECTION – B

24. स्थाई ह्रास पद्धति की गणना के लिए प्रयुक्त फंक्शन का नाम लिखिए।

Write the name of function used for calculation of straight depreciation method. **1**

25. वर्क बुक को परिभाषित कीजिए।

Define the work book. **1**

26. डी.बी.एम.एस. की कोई दो हानियाँ लिखिए।

Write any two disadvantages of DBMS. **2**

27. इनपुट (आगत) यंत्रों के कोई चार उदाहरण लिखिए।

Write any four examples of input devices. **2**

28. स्प्रेड-शीट के लेखांकन में कोई चार प्रयोग लिखिए।

Write any four applications of spread-sheet in accounting. **4**

29. कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रक्रिया के विभिन्न चरण स्पष्ट कीजिए।

Explain the various steps of computerized accounting process. **4**

30. निम्न पर लघु टिप्पणी लिखिए :

(i) एमआईएस (ii) एआईएस

(iii) लेखांकन प्रतिवेदन (iv) अपवाद प्रतिवेदन

**अथवा**

"कम्प्यूटर लेखा पद्धति, हस्तगत लेखा पद्धति से बेहतर हैं।" इसे निम्न बिन्दुओं की सहायता से स्पष्ट कीजिए :

(i) गति (ii) लागत

(iii) पुनःप्राप्ति (iv) सुरक्षा

(v) वर्गीकरण (vi) समायोजन प्रविष्टि



Downloaded from www.cclchapter.com

Write short notes on following : **6**

(i) MIS (ii) AIS

(iii) Accounting Report (iv) Exception Report

**OR**

"Computerized accounting system is better than Manual accounting system." Explain it with help of following points : **6**

(i) Speed (ii) Cost

(iii) Back-up (iv) Security

(v) Classification (vi) Adjustment entry



Downloaded from www.cclchapter.com